हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 धान बेचने वाले ढाई हजार किसानों को अब तक 36 करोड़ का भुगतान





## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया। इधर पुलिस अज्ञात वाहन चालक की पतासाजी में जुट गई है। दरअसल जोबरो निवासी अमर साय राठिया पिता चतुर प्रसाद अंबुजा कंपनी के अंडर ग्राउंड माइंस में काम करता था। रविवार की भोर में वह अपना काम निपटा कर बाइक से तमनार की ओर आ रहा था। तभी खुरसलेंगा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अमर साय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मितले ही कि मृतक के परिजन, जोबरो के सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और हादसे के प्रति गहरा रोष जताते हुए ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

### माजदा की टक्कर से स्कूटी सवार बेटी की मौत

**बिलासपुर।** नशे में खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए माजदा के ड्राइवर ने स्कूटी सवार पिता पुत्री को टक्कर मार दी। युवती के सिर से चक्का चल जाने से उनकी कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, शनिवार को बिल्हा निवासी जगदीश बग्गा अपनी बेटी कसक बग्गा 22 साल को लेकर काम से बिलासपुर आए थे। काम निपटाने के बाद पिता पुत्री स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू, 7376 से वापस गांव जा रहे थे। शाम 4 बजे हाईकोर्ट के पहले गुरूनानक ढाबा के पास पीछे से आ रहे स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 04 एमएस, 7330 के चालक बलौदाबाजार निवासी शेखर यदु ने शराब के नशे में खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए सड़क किनारे से जा रहे पिता पुत्री की स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे युवती से सड़क की ओर व पिता दूसरे साइड में गिर गए। युवती के सिर से माजदा का चक्का चल जाने से उनकी मौके पर ही कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरे साइड गिरने से पिता बाल बाल बच गए। उन्हें केवल चोट आई है। हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और लोगों ने माजदा सहित ड्राइवर को पकड़ लिया। नशे में होने पर लोगों ने उसकी जमकर खातिरदारी की। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर जाकर युवती के शव का उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस ने माजदा जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### चोरी के मोबाइल व नकद रकम सहित 3 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एक मकान से मोबाइल व नकद रकम चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकंडा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 28 नवंबर को खमतराई भाठापारा निवासी अव्यय भारतीय शोखावत रात 12.30 बजे आटो चलाकर अपने घर आए तो एक लड़का उन्हें देखकर भाग गया। वे घर के अंदर गए तो दो लड़के घर में घुसकर बैग को खंगाल रहे थे। उन्हें देखकर दोनों युवक भाग गए। उनके घर से मोबाइल व 2 हजार रुपए नकद की चोरी हो गई थी। उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्मम साहू उर्फ सिद्धू पिता राजेन्द्र साहू 19 साल भाठापारा खमतराई, अजय चौहान पिता संतोष चौहान 20 साल मुरूम खदान अटल आवास, रेहान खान उर्फ मोमीन पिता मो. मनसूर मोमीन 20 साल चौबे कालोनी सरकण्डा निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर तीनों ने श्री शोखावत के घर में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से मोबाइल व नकद रकम जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

# छर्राटांगर के गोदाम में लगी आग, 4 हजार बारदाना जलकर स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छर्राटांगर के बारदाना गोदाम में आग लग गई थी। आगजनी के इस हादसे में करीब चार हजार बोरी नए बारदाने जलकर खाक हो गए हैं। यह आग कैसे और कहां सें लगी इसकी जांच पुलिस कर रही है। आग लगने की जानकारी मिली तो मौके पर घरघोड़ा तहसीलदार पहुंचे थे और किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

खास बात यह है कि इस गोदाम में बिजली भी नहीं है। ऐसे में शार्ट सर्किट का अंदेशा भी नहीं है। ऐसे में अब इसका खुलासा पुलिस जांच में ही होने की बात कही जा रही है। रविवार का दिन होने की वजह से खरीदी केंद्र के कर्मचारी भी आराम फरमा रहे थे। खरीदी केंद्रों में कोई किसान भी नहीं था। याने वहां वीरानी थी। शाम करीब चार और पांच बजे के बीच गोदाम से धुआ उठी तो लोगों ने इसकी सूचना वहां के कोटवार को दी। कोटवार ने तहसीलदार और पुलिस को सूचना दी। तहसीलदार मनोज गुप्ता अपने मातहत कर्मचारियों के साथ मौके पर पहंचे और ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। जब तक आग शांत होती तब तक करीब चार हजार से अधिक बारदाना जल कर खाक हो गया था।

**खास बातें**

- धान खरीदी के लिए डंप किया गया था बारदाना, शुरु होने से पहले ही हो गया नुकसान



### सामने में था नया बारदाना

अभी धान खरीदी के लिए सभी खरीदी केंद्रों में नया और पुराना बारदाना भेजा गया है। छर्राटांगर के गोदाम में पहले नया और उसके पीछे पुराना बारदाना डंप किया गया था। जानकारी के अनुसार सामने से आग लगी थी। ऐसे में वहां रखे करीब चार हजार नया बारदाने को जलने की बात कही जा रही है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

आग लगने की सूचना मिली तो तत्काल मौके पर पहुंचे थे। ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई गई। आग कैसे लगी इसकी जांच पुलिस कर रही है। वहां शार्ट सर्किट की संभावना नहीं है।

**मनोज गुप्ता**
**तहसीलदार घरघोड़ा**

## कलेक्टोरेट मार्ग का जंग लगा बोर्ड बयां कर रहा शहर विकास की दास्तां

# सौंदर्यीकरण के लिए बजट में 1.10 करोड़, फिर भी प्रमुख मार्ग के स्वागत गेट का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के प्रमुख कलेक्टोरेट मार्ग का जंग लगा बोर्ड शहर विकास की दास्तां को बयां कर रहा है। शहर सरकार के बजट में सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ 10 लाख का प्रावधान होने के बाद भी प्रमुख मार्ग के प्रवेश द्वार का यह हाल शहर की शोभा बिगाड़ रहा है। चक्रपथ और भगत सिंह पुल से जाने वाले कलेक्टोरेट मार्ग का यह बोर्ड जंग लग कर जर्जर हो गया है। यह स्थिति सालभर से बनी हुई है।

कोर्ट, कलेक्टोरेट, शासकीय विभागों, कॉलेज, स्कूल जाने वाले इस प्रमुख मार्ग के प्रवेश द्वार में दिशा सूचक ही गायब है, सिर्फ जंग लगा बोर्ड ही नजर आ रहा है। इस मार्ग में रोजाना प्रशासनिक, निगम के अधिकारियों, नेताओं व जनप्रतिनिधयों का आना-जाना लगा रहता है, इसके बाद भी वो शहर की शोभा बिगाड़ रहे इस बोर्ड को देख कर अपनी आखें बंद कर लेते हैं। कुछ माह पूर्व ही शहर सरकार द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए बजट में 1 करोड़ 10 लाख का प्रावधान रखा गया है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। विपक्ष भी शहर की सुंदरता पर लगे ग्रहण को नजरअंदाज कर शांत बैठा हुआ है।



आयुर्वेद अस्पताल के पास जंग लगी स्वागत द्वार।

### अधूरा काम कर बटोरी वाहवाही

कलेक्टोरेट मार्ग के प्रवेश द्वार से पहले सड़क पर इतने गड्ढे थे कि लोगों का चलना मुश्किल हो गया था। आए दिन गड्ढों पर वाहन के पहिए फंसने से छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही थी। जिससे शहर सरकार की किरकिरी हुई तो इन गड्ढों पर मरहम लगाते हुए पैचवर्क का काम किया गया, लेकिन सामने जंग लगे स्वागत गेट को अनदेखा कर दिया, अब फिर कब निगम इस अधूरे काम को पूरा करेगा यह लोग सवाल कर रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति की मूर्तियां भी बेरंग

पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में तत्कालीन शहर सरकार ने शहर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों, जैसे चक्रपथ, मरीन ड्राइव, प्रेमनगर बाल उद्यान, जिला पंचायत मार्ग सहित अन्य क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की कलाकृतियां बनवाई थीं वो आज जर्जर अवस्था में हैं। इनको भी मूर्त रूप देकर शहर को सौंदर्य बनाने का काम शहर सरकार का है, लेकिन अपने कार्यकाल के लगभग सालभर में भाजपा की नई शहर सरकार ने शहर को सवारने का ऐसा कोई काम नहीं किया है।

प्रमुख मार्ग के प्रवेश द्वार में लगे बोर्ड के जंग लगने और जर्जर होने की जानकारी आपके माध्यम से मिली है। मैं जल्द ही इसे दिखवा कर इसमें सुधार कार्य कराता हूं।

**जीवर्धन चौहान**
**महापौर, नगर निगम**

# मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जैन का हृदयाघात से निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विनीत जैन की रविवार की दोपहर हृदयाघात से मौत हो गई। उनके इस निधन की खबर से पूरा रायगढ़ स्तब्ध है। वहीं मेडिकल कॉलेज में भी शोक व्याप्त है।



दरअसल डॉ. विनीत जैन महावीर नगर, खैरागढ़ रायपुर के रहने वाले थे। कुछ दिनों से उनकी तबीयत नासाज थी, जिनका वो उपचार करा रहे थे। रविवार की दोपहर करीब 12.40 बजे हृदयाघात से उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही मेडिकल कॉलेज में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं पूरा रायगढ़ शहर स्तब्ध हैं कि ऐसा अचानक कैसे हो गया। डॉ. विनीत जैन स्व. विमल चंद जी के सुपुत्र व भागचंद, पारसचंद, निर्मलचंद के भतीजे, विकास, विशाल के बड़े भाई तथा पार्थ, जाह्नवी के पिता थे।

उनकी शवयात्रा सोमवार की सुबह 10 बजे महावीर नगर निवास स्थान, आंचल नर्सिंग होम के पास से मारवाड़ी शमशान घाट अंतिम संस्कार के लिए जाएगी।

### वित्त मंत्री ने जताया शोक

**रायगढ़।** रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ विनीत जैन के असामयिक निधन पर शोक जताते हुए विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी ने शोक जताते हुए कहा चिकित्सा क्षेत्र में निष्ठाए सेवा भाव और कार्य के प्रति अद्भुत समर्पण के जरिए आपने अमिट छाप छोड़ी। अंतिम समय तक अपने कर्तव्य पर डटे रह कर मरीजों की सेवा करने वाले डॉक्टर विनीत जैन का निधन अपूरणीय क्षति है। आपका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। आपका जीवन चिकित्सकों और विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। इस अपूरणीय क्षति पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ओपी ने कहा आपसे जुड़े परिजनों, सहकर्मियों और छात्र.छात्राओं को ईश्वर अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# किलकिला, हाडीपानी और कोडामाई के जंगल से होता है धान का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- इस रास्ते को भी प्रशासन ने किया सील, दूसरे दिन भी हुई ओडिशा सीमा से धान के अवैध परिवहन रोकथाम के उपाय

प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों ने ओड़िशा सीमा से लगे संवेदनशील मार्गों की गहन निगरानी करते हुए बिचौलियों द्वारा उपयोग किए जा रहे सभी वैकल्पिक जंगल पगडंडी एवं कच्चे रास्तों को चिन्हांकित कर पूरी तरह सील कर दिया है। इन अवैध मार्गों पर जेसीबी मशीनों से गहरे गड्ढे खोदकर मजबूत अवरोधक तैयार किए गए जिससे वाहनों की आवाजाही पूर्णतः बंद हो गई है और धान तस्करी की संभावना समाप्त हो गई है। सभी अंतर्राज्यीय बैरियरों पर कर्मचारियों की 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित की जा रही है।

रात्रिकालीन गश्त को सघन किया गया है और संदिग्ध वाहनों की कड़ाई से तलाशी ली जा रही है। एसडीएम लैलूंगा भरत कौशिक ने बताया कि तहसील मुकडेगा के किलकिला, हाडीपानी और कोडामाई क्षेत्र में ओडिशा से धान के अवैध परिवहन की लगातार सूचना मिल रही थी। सूचना प्राप्त होते ही राजस्व, खाद्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुँची और सभी संवेदनशील कच्चे एवं जंगल मार्गों को जेसीबी से गड्ढा खोदकर पूर्णतः ब्लॉक कर दिया गया। एसडीएम ने कहा कि धान की अवैध आवाजाही की संभावना को देखते हुए जंगल से होकर गुजरने वाले सभी रास्तों को अवरुद्ध कर दिया गया है। अब इन सभी मार्गों पर 24 घंटे कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर एवं कॉल सेंटर का गठन किया गया है जो धान की रीसाइक्लिंग पर रोक, बिचौलियों की गतिविधियों की मॉनिटरिंग और धान के उठाव एवं परिवहन की सतत ट्रैकिंग कर रहा है।




### सात अंदरूनी रास्ते पहले किया गया है बंद

बीती रात भी जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने घरघोड़ा एसडीएम के नेतृत्व में एक बड़ी कार्रवाई की थी। जिसमें ओडिशा से धान की अवैध आवक के लिए बनाए गए सात अंदरूनी जंगल मार्गों को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। इसी क्रम में आज भी यह सख्त कार्रवाई जारी रही और अतिरिक्त मार्गों को अवरोधित कर तस्करों के सभी संभावित रास्तों को खत्म किया गया। जिला प्रशासन ने कहा है कि अवैध परिवहन पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### किसान पर हाथी ने किया हमला, मौत

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में खेत जा रहे किसान पर एक हाथी ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल किसान को नाजुक हालत में धरमजयगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। क्रोंधा गांव निवासी पंचराम कुम्हार अपने खेत के काम से बायसी दिशा की ओर जा रहा था। शाम करीब 4 बजे बायसी आरएफ 369 क्षेत्र में अचानक उसका सामना एक दंतैल हाथी से हो गया। अचानक हुए आमने-सामने से हाथी आक्रामक हो उठा और पंचराम पर हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से पंचराम को तत्काल धरमजयगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया। वन विभाग के अनुसार एक अकेला दंतैल हाथी रायगढ़ रोड को पार कर 367 आरएफ जंगल की ओर चला गया है। शेरवन, लम्बाहरी, दर्रीडीह, ओंगना और पोटिया गांव के निवासियों को विशेष सतर्कता बरतने और हाथी देखे जाने पर तुरंत नजदीकी वनकर्मी को सूचित करने की सलाह दी गई है। वन विभाग लगातार क्षेत्र में जागरूकता और निगरानी बढ़ा रहा है।

# शराबी बीट गार्ड ने लकड़ी से पत्नी के सिर पर किया वार, हुई मौत



**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग में पदस्थ शराबी बीट गार्ड ने नशे में धुत्त होकर अपनी ही पत्नी के सिर पर जलाउ लकड़ी और बांस के डंडा से ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बीटगार्ट का जब नशा उतरा तो उसे पछतावा हुआ और उसने खुद ही पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी यादराम अजगल्ले बंधनपुर कापू का रहने वाला है। करीब 5 साल पहले उसने पत्थलगांव के दीवानपुर निवासी सोनकला अजगल्ले को उसके घर से भगा ले आया था और फिर उससे शादी कर लिया। वहीं यादराम छाल के ही बनगर गांव से तीन किमी पूर्व में ग्राम गंजाई पाली में बीट गार्ड के पद पर पदस्थ है। वहां के सरकारी सरकारी क्वार्टर में वह अपनी पत्नी व 8 साल के बच्चे के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि यादराम शराब पीने का आदी था और अक्सर शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। शनिवार की रात करीब 8 बजे वह नशे में धुत्त होकर घर आया और अपनी पत्नी को खाना नहीं बनाने की बात को लेकर विवाद करने लगा। थोड़ी ही देर में यादराम तैश में आ गया और जलाउ लकड़ी और बांस से अपनी पत्नी सोनकला के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे सोनकला का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी बस्ती की तरफ फिर से शराब पीने चला गया। जब देर रात वह वापस आया तो देखा कि उसकी पत्नी की मौत हो चुकी थी। जिससे उसका नशा फट गया और वह मौके पर ही अपनी पछतावा करते हुए अपनी पत्नी के शव की रखवाली करने लगा। सुबह जब उसके पड़ोसी उठे तो उसने खुद ही घटन की जानकारी दी, इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों को पुलिस को बुलाया गया। इसके बाद आरोपी यादराम ने खुद को सरेंडर कर दिया। फिलहाल पुलिस ने उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### पहले भी कर चुका है मारपीट

पुलिस सूत्रों की मानें तो आरेपी ने सोनकला से प्रेम विवाह किया था, इसके बाद भी वह उसके साथ अक्सर शराब के नशे में मारपीट करता रहता था। कुछ माह पूर्व ही उसने सोनकला का हाथ तोड़ दिया था। इस बाद उसके मारपीट से सोनकला की जान ही चली गई।

### बच्चे के सिर से उठा पिता का हाथ

इस दुखद घटना का बुरा असर 8 साल के मासूम बच्चे पर पड़ा है। बताया जा रहा है कि मृतका के मायके में उसका सिर्फ वृद्ध बाप ही है। इधर बच्चे की मां की मौत हो गई है और पिता सलाखों के पीछे दिन गुजारने वाला है। ऐसे में मासूम की परवरिश को लेकर उसके परिचित चिंतित हैं।

## मामला शहर से लगे कुसमुरा हायर सेकेंडरी स्कूल का है, कर्मचारी परेशान

# स्टाफ रूम की टेबल में तकिया लगाकर सोते हैं प्रिंसिपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कुसमुरा हायर सेकेंडरी स्कूल का पूरा स्टाफ कुर्सी में बैठता है तो वहां का प्रिंसिपल टेबल में तकिया लगाकर सोता है। यह हम नहीं बल्कि उस स्कूल से निकल कर बाहर आई फोटो कह रहा है।

दो स्टाफ कुर्सी में बैठकर कंम्प्यूटर में कुछ काम कर रहे हैं तो एक कर्मचारी वहां खड़ा है। वहीं पर टेबल में वहां का प्रिंसिपल तकिया लगाकर हाथ टेककर आराम से लेटा हुआ है। केवल तकिया लगाकर सोता है ऐसा नहीं है टेबल में पैर रखकर बैठता भी है। इससे वहां के कर्मचारी काफी परेशान हैं। इसकी शिकायत स्कूल के कर्मचारियों ने डीईओ से की है, लेकिन कार्रवाई की उम्मीद बिल्कुल भी नहीं है। कारण डीईओ ने ही तो उसे कुसमुरा स्कूल में अटैच किया है। ऐसे में प्रिंसिपल के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई होगी यह बेमानी ही है। शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल और कुछ अन्य ग्रुपों में यह फोटो वायरल हुई है। इसमें कुसमुरा हायर सेकेंडरी स्कूल का प्रिंसिपल टेबल में तकिया लगाकर आराम से लेटा हुआ है। दूसरी फोटो में टेबल पर पैर रखकर आराम से बैठा हुआ है। इस तरह की हरकत एक प्रिंसिपल और एक शिक्षक को शोभा कतई नहीं देता है। इस स्कूल के कर्मचारी काफी परेशान हैं। इसकी शिकायत तो की गई है, लेकिन वहां के कर्मचारियों का भी उम्मीद नहीं है कि किसी तरह की कार्रवाई होगी। कारण सबकुछ जानते हुए वहां इनको अटैच किया गया है। जानकारी मिली है कि पूर्व में इनकी हरकतों को लेकर महिला आयोग में भी शिकायत हुई थी। आयोग ने वहां से ट्रांसफर करने का अनुमोदन किया था। उस वक्त तत्कालीन डीईओ ने पहले सपनई स्कूल में अटैच किया था। बाद में म्यूनिसपल स्कूल में किया गया। इसके कुछ समय बाद धनागर किया गया। अब वर्तातन डीईओ ने फिर से कुसमुरा स्कूल में ही पदस्थापना दे दी है।





### युवक की हत्या, पिता पुत्र 4 नाबालिग गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी में नाचने के दौरान धक्का मुक्की होने से दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। इसी दौरान एक पक्ष ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में पिता पुत्र व चार नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, ग्राम खपरी में पटेल व निषाद परिवार के घरों में शादी कार्यक्रम चल रहा है। दोनों परिवारों के लोग बाजा गाजा के साथ चूलमाटी में निकले थे। चूलमाटी लेते समय बाजा में नाचने के दौरान बड़कू उर्फ रामभजन यादव पिता लल्लू यादव 18 साल को संदीप निषाद ने धक्का दे दिया, जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान गांव के लोगों ने बीच बचाव कर विवाद शांत करा दिया।

**हेलमेट चेकिंग में लापरवाही, मंगला रोड ट्रैफिक पेट्रोलिंग प्रभारी लाइन अटैच**

बिलासपुर। एसएसपी ने हेलमेट चेकिंग में लापरवाही बरतने पर मंगला रोड ट्रैफिक पेट्रोलिंग प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया है, परन्तु लोगों को रोककर परेशान करने वाले लंबे समय से जमे सिपाहियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। एसएसपी रजनेश सिंह ने ट्रैफिक पुलिस को बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं लगाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### कांशीचुआ पर बिना हेलमेट दुपहिया चालकों पर कार्रवाई

रायगढ़। शनिवार को यातायात पुलिस रायगढ़ और भूपदेवपुर पुलिस ने एनएच-49 स्थित चिन्हित ब्लैक स्पॉट कांशीचुंवा चौक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यातायात और भूपदेवपुर पुलिस ने इस दौरान एनएच पर बिना हेलमेट दुपहिया चलाते मिले वाहन चालाकों का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की और उन्हें निशुल्क हेलमेट वितरित कर पहनने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता कार्यक्रम में एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल और ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने वाहन चालकों को तेज रफ्तार से वाहन चलाने से बचने, शराब पीकर वाहन न चलाने, मोबाइल का उपयोग न करने और दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने की समझाश दी। अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन की अपील की, वहीं पुलिस टीम व जेएसडब्ल्यू कंपनी प्रतिनिधियों ने बिना हेलमेट पाए गए चालकों को हेलमेट वितरित किए और दोपहर तक कुल 200 हेलमेट बांटे गए।

### जय शनिदेव सेवा संस्थान की कुष्ठ बंधुओं की सेवा

राउरकेला। कड़ाके की ठंड के बीच शहर के जय शनिदेव सेवा संस्थान ने सराहनीय पहल करते हुए तरकेरा और देव गांव स्थित कुष्ठ कॉलोनियों के निवासियों में 60 कंबल वितरित किए। इसी तरह सिविल टाउन शनि मंदिर के समक्ष 40 गरीबों में कंबल बांटे गये। संस्था का यह सेवा.कार्य उपेक्षित एवं जरूरतमंद कुष्ठ रोगियों के लिए ठंड से राहत का बड़ा सहारा बना। संस्था द्वारा कंबल पाकर दोनों आश्रमों के निवासी अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्होंने जय शनिदेव सेवा संस्थान के सभी पदाधिकारियों को दिल से आशीर्वाद दिया। कड़ाके की सर्दी में यह मानवीय पहल स्थानीय स्तर पर खूब सराही जा रही है। कंबल वितरण कार्यक्रम में जय शनिदेव सेवा संस्थान की ओर से मानस रंजन रथ, तुषार सामल, प्रतीक कुमार, सरोज कुमार सामल, ज्योति करए साई आयुष्मान रथ, साई आदित्य रथ और साई आरियन रथ सहित कई सदस्य उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई। यह पहल न सिर्फ सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण हैए बल्कि समाज के वंचित वर्ग तक सहायता पहुचाने का प्रेरणादायक संदेश भी देती है।

### वार्षिक खेल उत्सव में डीएसपी सिंह ने साइबर सुरक्षा पर दिया जोर

रायगढ़। उप पुलिस अधीक्षक साधना सिंह ने शनिवार को कार्मेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जहां पहुंचते ही छात्र-छात्राओं और शिक्षकगण ने उनका गर्मजोशी और आत्मीयता के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसपी साधना सिंह ने बच्चों से कहा कि शिक्षा किसी भी विकास की आधारशिला है और बिना शिक्षित हुए प्रगति संभव नहीं, वहीं खेल जीवन में अनुशासन, टीमवर्क और व्यक्तित्व विकास के लिए उतने ही आवश्यक हैं जितनी पढ़ाई। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन को विकास की प्रथम सीढ़ी बताते हुए अपनी पढ़ाई पर केंद्रित रहने, सकारात्मक सोच विकसित करने और लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डीएसपी साधना सिंह ने वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों से सावधान रहने की सलाह देते हुए सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, सोशल मीडिया का जिम्मेदार उपयोग, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों, पॉक्सो एक्ट और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया तथा किसी भी समस्या में तुरंत पुलिस व परिवार को अवगत कराने की अपील की। कार्यक्रम में डीएसपी साधाना सिंह ने छात्रों को खेल प्रतियोगिताओं पर पुरस्कृत किया गया तथा अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा, खेल और भविष्य की प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं।

## ग्रामीणों की हुई निशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयां भी बांटी गईं

# जिंदल फाउंडेशन ने बरमुडा में लगाया विशाल स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिंदल फाउंडेशन द्वारा ग्राम बरमुडा में 29 नवंबर को निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इस शिविर का लाभ प्राप्त किया। पार्षद विष्णुचरण पटेल एवं ग्रामीणों ने जिंदल फाउंडेशन का इस पहल के लिए आभार जताया है।

जिंदल स्टील लिमिटेड की सीएसआर इकाई जिंदल फाउंडेशन अंचल के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। मौसमी बीमारियों के कारण लोगों को आ रही परेशानियों के निदान के लिए जिंदल फाउंडेशन द्वारा संयंत्र के आसपास स्थित सभी गांवों में लगातार निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 29 नवंबर को नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 43 अंतर्गत ग्राम बरमुडा में कंपनी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की। इसमें जनरल फिजिशियन, महिला रोग विशेषज्ञ, नाक कान, गला रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ एवं पूरी टीम भी उपस्थित रही। सीएसआर टीम ने शिविर के संबंध में पूरी तैयारियां कर ग्रामीणों को इस संबंध में पूर्व से ही जानकारी दे दी थी। सुबह शिविर शुरू होते ही ग्रामीणों का पहुंचना शुरू हो गया। पूरे दिन शिविर जारी रहा। दर्जनों ग्रामीणों ने शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। आवश्यकतानुसार ग्रामीणों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद विष्णुचरण पटेल ने शिविर के आयोजन के लिए जिंदल फाउंडेशन का आभार जताया है। अपने धन्यवाद पत्र में उन्होंने समस्त ग्रामवासियों की ओर से जिंदल फाउंडेशन के प्रति इस उत्कृष्ट एवं जनहितकारी पहल के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सराहनीय प्रयास से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ है। श्री पटेल ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु जिंदल फाउंडेशन द्वारा लगातार महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी कंपनी इसी प्रकार अंचल के विकास एवं जनकल्याण हेतु निरंतर योगदान देती रहेगी।

## हत्या के प्रयास मामले में आरोपी को किया गया गिरफ्तार



बरमकेला। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के द्वारा जिले के सभी थाना चौकी ध्चौकी प्रभारियों को थाना क्षेत्र में हो रहे गंभीर अपराधों में शीघ्रता शीघ्र कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया है।

इसी कड़ी में एसपी के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सारंगढ़.बिलाईगढ़ श्रीमती निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में अपने हीं माँ के हत्या के प्रयास के मामले में उसके पुत्र को बरमकेला पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। प्रकरण में घटना 28 नवंबर के सुबह करीबन 7 बजे प्रार्थी उघब बरिहा ग्राम मेकरा थाना बरमकेला एवं उसकी पत्नि रत्ना बरिहा जो दिन भर अपने फसल की रखवाली करते हैं वह अपने गांव के छुहिया नाला के पास स्थित टिकरा में बने झाला के पास खाना बना रही थी। इसी बीच उसका लड़का आरोपी लक्ष्मण बरिहा पिता उधय बरिहा उम्र 35 वर्ष ग्राम मेकरा थाना बरमकेला का खाना खाने की बात को लेकर एक जलाऊ लकड़ी से अपनी माँ रत्ना बरिहा के सिर एवं हाथ में प्राणघातक हमला कर दिया जिसके कारण रत्ना बरिहा के सिर, चेहरा एवं दोनों हाथ में गंभीर चोंट लगने एवं ज्यादा खुन निकलने से वह मौके पर बेहोश हो गई।

घटना के बाद आरोपी लक्ष्मण बरिहा घटनास्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना थाना बरमकेला को मिलने पर तत्काल पुलिस स्टॉफ मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल रत्ना बरिहा को त्वरित उपचार हेतु उसके पति के साथ बरमकेला स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाये। प्रार्थी उधब बरिहा के उपरोक्त रिपोर्ट पर धारा 109, 1 बीएनएस कायम कर मामला विवेचना में लिया गया और फरार आरोपी की निरंतर खोजबीन कर आ गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाकर उप जेल सारंगढ़ में दाखिल किया गया है।

## सड़क में हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम



सुंदरगढ़। हेमगिर थाना क्षेत्र के तुरुबगा बाइपास के पास शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार सुशील उरांव 45 की मौके पर ही मौत हो गई। मनोहरपुर के आरआर कॉलोनी निवासी सुशील उरांव कोयला खदान में ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रेलर ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुशील उरांव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर ही दम तोड़ बैठे। हादसे के तुरंत बाद ट्रेलर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि फरार वाहन और चालक की तलाश जारी है। स्थानीय लोगों ने घटना के बाद आक्रोश व्यक्त करते हुए मुआवजे की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। अचानक हुए जाम से इलाके में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। भीड़ ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे और दोषी चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलते ही हेमगिर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कारियों को समझाइश दी। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन देकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है तथा ट्रेलर चालक की तलाश तेज कर दी गई है।

## सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का सफल आयोजन




सरसीवां। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वाधान एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान के निर्देशानुसार सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसीवां में 28 नवंबर को मुख्य अतिथि सुश्री श्रुति दुबे चिकित्सा अधिकारी सरसीवां मुख्य वक्ता श्रीमती सरिता साहू प्रांतीय संयोजिका सप्तशक्ति संगम एवं उपाध्यक्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर एवं श्रीमती शिव कुमारी साहू जिला पंचायत सदस्यद्ध तथा श्रीमती गुलोचन भाई बंजारे अध्यक्ष नगर पंचायत सरसीवां की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें 130 माताएं एवं 20 अभिभावक सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला सयोजिका अंबिका साहू ने सप्तशक्ति संगम के प्रस्तावना रखी। मुख्य वक्ता शिवकुमारी साहू ने कुटुंब प्रबोधन पर अपना वक्तव्य देती हुई चारों आश्रमों की व्याख्या की। मुख्य वक्ता श्रीमती सरिता साहू ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए नारी के सप्त गुण का वर्णन की। कुटुंब प्रबोधन की भारतीय दृष्टिकोण पर अपना वक्तव्य देती हुई परिवार प्रबोधन के आयाम भवन, भजन, भाषा, भूषा, भजन और भ्रमण की विस्तृत व्याख्या की। पर्यावरण के संबंध में भारतीय दर्शन और व्यवहार तथा सांस्कृतिक दृष्टि से भारत में माताओ का योगदान के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाओं में सातों गुण विद्यमान है बस उसे प्रकट करने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि सुश्री श्रुति दुबे जी ने भी माताओ की योगदान पर अपना विचार रखी। इस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी भी हुआ जिसमें तुरंत पुरस्कार दिया गया तथा शहीद नंद कुमार साहू एवं विवेक शुक्ला के परिवारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय संयोजिका श्रीमती सरिता साहू ने माताओं को संकल्पित किया। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष रमेश जालान, कोषाध्यक्ष शिवरात्रि केशरवानी एवं सहसचिव, कौशल किशोर अग्रवाल, प्राचार्य पंकज कुमार प्रधान एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी का योगदान रहा है।

## बीपीयूटी बस्ती के दर्जनों घरों पर चला बुलडोजर

राउरकेला। सिविल टाउन के मान टोला के 200 घरों को तोड़ने के बाद नगर प्रशासन ने शुक्रवार को छेंड स्थित बीपीयूटी से सटी विद्युत बस्ती में बुलडोजर चलाया। आरएमसी और आरडीए की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच कार्रवाई में जुटी और दर्जनों घर ढहा दिए। मान टोला की तरह ही यहां के कई लोगों का आरोप है कि उन्हें अफॉर्डेबल हाउसिंग अपार्टमेंट में घर नहीं मिला है। दस साल पुराने सर्वे पर आधारित घर आवंटन को लेकर विवाद भी लगातार बढ़ रहा है। साथ ही कड़ाके की ठंड में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर सवाल उठाए जा रहे हैं। विपक्ष और स्थानीय लोग प्रशासन के फैसले को शासक दल भाजपा को विश्वास में लिए बगैर उठाया गया कदम मानते हुए असंतोष जता रहे हैं। इस कार्रवाई से सरकार की जनहित छवि पर भी असर पड़ने की चर्चा है। आंकड़े और स्थानीय शिकायतों के बीच प्रशासन का कहना है कि यह कदम नियम और योजनाओं के तहत उठाया गया है। छेंड कलोनी के बी पी यू टी बस्ती पर शनिवार को दूसरे दिन भी बुल डोजर चला। प्रशासन की इस कार्यवाई की आलोचना हो रही है और कहा जा रहा है की ठंड के मौसम में सभी को घर सुनिश्चित किये बिना अतिक्रमण हटाने व बुल डोजर की कार्यवाई मानवता के खिलाफ हैं।

- अफॉर्डेबल हाउसिंग अपार्टमेंट में सभी नहीं मिला घर

## गांधी गंज में मंगसीर नवमीं उत्सव का आयोजन



रायगढ़। धार्मिक एवं सामाजिक संस्था दादी सेवा समिति के सभी सदस्यों ने हर वर्ष अगहन मास की शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि को बड़ी श्रद्धा व उत्साह के साथ दादी माता का भव्य मंगसीर नवमीं उत्सव का आयोजन करते हैं। सदस्यों ने इस बार भी शहर के गांधी गंज स्थित दादी माता मंदिर में भव्यता के साथ मंगसीर नवमीं उत्सवए मंगल पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया। जिसमें देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका सूरत की सुरभि बिजुरिका ने अपने समधुर भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को बेहद निहाल किया और गांधी गंज परिसर दादी माता के जयकारे से गुंजायमान हो गया। इस धार्मिक मंगसीर नवमीं उत्सव कार्यक्रम के पहले दिन माता के मंदिर में दादी माता की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। जिसकी खूबसूरती देखते ही बनीं। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने मेंहदी उत्सव का आयोजन किया। जिसमें लगभग 50 से भी अधिक श्रद्धालु महिलाएँ श्रद्धा से शामिल हुईं व माता को श्रद्धा से महाभोग लगाकर प्रसाद वितरित किए।

धार्मिक कार्यक्रम के अन्तर्गत दूसरे दिन आज मंदिर में सुबह दादी माता की विधिवत पूजा अर्चना की गई। जिसमें समिति के सभी सदस्यगण शामिल हुए। वहीं शाम चार बजे से गांधी गंज परिसर में बनाए गए खूबसूरत पंडाल में दादी माता की पूजा अर्चना कर भव्य मंगल पाठ और मधुर भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंगलपाठ में लगभग पांच सौ श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुरभि बिजुरिका ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज कीं। इसके पश्चात उन्होंने आओ माँ आओ, भक्तों के घर कभी आओ सहित अनेक सुमधुर भजन गीत सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को निहाल कर दीं और मधुर भजन गीतों के संग सभी श्रद्धालुगण भाव विभोर होकर मस्त झूमे। इसके पश्चात दादी समिति के सदस्यों ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के लिए रात 8 बजे से दादी माता का महाभंडारा का आयोजन किया जो देर रात तक चलता रहा। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुगण प्रसाद पाकर पुण्य के भागी बनें।

### ग्राम पंडरीपानी में 870 बोरा अवैध धान जब्त

जशपुरनगर। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान खरीदी, बिक्री एवं भंडारण पर रोक लगाने चलाए जा रहे विशेष अभियान को एक और सफलता मिली है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) फरसाबहार के औचक निरीक्षण के दौरान ग्राम पंडरीपानी में दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी मात्रा में अवैध धान भंडारित पाया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कुल 870 बोरे, लगभग 400 क्विंटल धान अनधिकृत रूप से संग्रहित पाया। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त धान किसी भी पंजीकृत खरीदी केंद्र अथवा अधिकृत विक्रेता के खाते में दर्ज नहीं था और इसे बिना वैध दस्तावेजों के भंडारित किया गया था। अवैध भंडारण की पुष्टि होते ही एसडीएम (राजस्व) द्वारा मौके पर ही नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती, झांसे में लेकर बनाया अश्लील वीडियो

हरिभूमि न्यूज : जशपुरनगर

सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती को झांसे में लेकर अश्लील वीडियो बनाने और बाद में उसे वायरल करने वाले आरोपी युवक को बागबहार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवती से मिलने पत्थलगांव पहुंचा था, जहां पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। आरोपी के खिलाफ भा.द.वि. की धारा 354(घ), 509(ख) एवं बीएनएस की धारा 78, 79 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार, थाना बागबहार क्षेत्र की 23 वर्षीय युवती ने 28 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2021 में आरोपी विकास नोनिया उम्र 22 वर्ष, निवासी झारखंड ने फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। रिक्वेस्ट स्वीकार होने के बाद दोनों के बीच लगातार बातचीत होती रही और नजदीकियां बढ़ती गईं। इसी दौरान आरोपी ने वीडियो कॉल पर युवती का अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, 26 फरवरी 2024 को आरोपी ने युवती को रायपुर बुलाया और नहीं आने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। डर के कारण युवती रायपुर पहुंची, जहां से आरोपी उसे बस में बैठाकर झारखंड स्थित अपने घर ले गया, जहां युवती तीन दिनों तक उसके साथ रही।नानी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर युवती अपने गांव लौट आई। वापस आने के बाद आरोपी लगातार युवती को अपने पास बुलाता रहा और मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा। भय के कारण युवती ने उससे बातचीत बंद कर दी। इसके बाद आरोपी ने युवती के नाम से फेक आईडी बनाकर उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया और परिजनों को भेजकर वायरल कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए बागबहार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान सूचना मिली कि आरोपी युवती से मिलने पत्थलगांव आया है। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया।

## फरसाटोली में लक्ष्मी पूजन महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा




चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरसाटोली के चौहान पारा में विगत पांच दिनों से चल रहे 'सार्वजनिक मां लक्ष्मी पूजन महोत्सव' का शनिवार को हवन-पूजन और मूर्ति विसर्जन के साथ भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं अजजा सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष रामपुकार सिंह ने शिरकत की।

धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति की पहचान की बात कहते हुये रामपुकार सिंह ने समापन समारोह को संबोधित किया। मुख्य अतिथि रामपुकार सिंह ने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अपने व्यक्तव्य में उन्होंने कहा, ‟धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ही हमारी असली पहचान हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर आने का मौका मिलता है, जिससे आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। चौहान समाज द्वारा लक्ष्मी पूजा के साथ-साथ कर्मा प्रतियोगिता का आयोजन कर अपनी लोक संस्कृति को बचाने का जो प्रयास किया गया है, वह अत्यंत सराहनीय है। हमें अपनी परंपराओं को इसी तरह सहेज कर रखना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे।

भक्तिमय माहौल में हुई पूर्णाहुति शनिवार सुबह से ही पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हवन और पूर्णाहुति का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पश्चात गाजे-बाजे के साथ मां लक्ष्मी की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में माताएं-बहनें और युवा थिरकते हुए नजर आए। आतिशबाजी कर गुलाल उड़ेलकर मातारानी की विदाई की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जनपद सदस्य सुजाता प्रवीण शर्मा ने भी समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रत्ना पैंकरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह सिदार, पूर्व जनपद सदस्य प्रवीण शर्मा, मुकेश पैंकरा, सरपंच चंद्रावती पैंकरा और उपसरपंच तारा यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दिसंबर के दूसरे सप्ताह में होगी उड़ान बहाली इंडिया वन एयरलाइन ने दी सहमति

राउरकेला। लंबे इंतज़ार के बाद राउरकेला हवाई अड्डा एक बार फिर सक्रिय होने जा रहा है। करीब साढ़े चार महीने से ठप पड़ी राउरकेला भुवनेश्वर हवाई सेवा दिसंबर के दूसरे सप्ताह से फिर शुरू होने की संभावना है। इंडिया वन एयर के डिप्टी सीएसओ रंजीत रेड्डी ने मंगलवार को राउरकेला एयरपोर्ट का निरीक्षण करते हुए प्राथमिक सर्वे पूरा किया और रूट पर उड़ान बहाली को लेकर सकारात्मक संकेत दिए। एयरलाइन के अनुसार प्रारंभ में सेस्ना मॉडल का 9 सीटों वाला छोटा विमान इस रूट पर उड़ान भरेगा। यदि यात्री संख्या में वृद्धि होती है, तो भविष्य में 19 सीटों वाला ट्वीन अटर विमान भी शुरू किया जा सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले राउरकेला भुवनेश्वर रूट पर एटीआर 72 सेवा संचालित होती थी, जिसकी सीटें लगभग 90 प्रतिशत तक भरी रहती थीं।



### एलायंस एयर की अचानक सेवा बंद, बढ़ी नाराज़गी

राउरकेला से कोलकाता की उड़ान 15 जून और भुवनेश्वर की उड़ान 16 जुलाई से बंद है। एलायंस एयर ने बिना पूर्व सूचना सेवा बंद कर दीए जिससे क्षेत्र के लोगों में व्यापक असंतोष फैल गया। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार और संबंधित प्राधिकरणों को वैकल्पिक उड़ान सेवा सुनिश्चित करने के लिए पत्र लिखा था।

## डिजिटल अपराधों के खिलाफ जागरूकता की नई दिशा



जशपुरनगर। तकनीकी युग में जहां डिजिटल सुविधाएं जीवन को आसान बना रही हैं वहीं साइबर अपराधी इसी तकनीक का दुरुपयोग कर आम जनता को ठगने के नए.नए तरीके अपनाते जा रहे हैं। वर्तमान समय में देश के विभिन्न राज्यों में डिजिटल फ्रॉड, ऑनलाइन बैंक धोखाधड़ी और विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट स्कैम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इन अपराधों की सबसे खतरनाक बात यह है कि इनमें अपराधी स्वयं को सरकारी अधिकारी, पुलिस अधिकारी आरबीआई, सीबीआई, एनआईए साइबर सेल या बैंक अधिकारी बताकर नागरिकों को डरा.धमका कर पैसे ठग लेते हैं।

इन्हीं बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते हुए एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुये आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली लघु फिल्म का निर्माण उनके निर्देशन में किया जा रहा है, जिसमें डिजिटल अपराधों के वास्तविक स्वरूप, अपराधियों की कार्यशैली और उनसे बचने के उपायों को सरल और वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इस फिल्म में शशि मोहन सिंह एक स्कूल टीचर की भूमिका में है, जो फिल्म का मुख्य केंद्र बिंदु है।



# रिकॉर्डतोड़ धमाका, ज़ूटोपिया 2 का दमदार पोस्टर आउट...

**मुंबई।** ज़ूटोपिया 2 का बिल्कुल नया पोस्टर रिलीज़ हो गया है और सच में उत्साह सातवें आसमान पर है। जैसे ही फिल्म 28 नवंबर को भारत के थिएटर्स में रिलीज़ हुई, दुनिया भर के फ़ैन्स जुडी हॉप्स और निक वाइल्ड की वापसी का जश्न मना रहे हैं। इसकी दमदार कहानी से लेकर भावनाओं और मज़ाक के शानदार मिलेजुले अंदाज़ तक, यह फिल्म फिर साबित करती है कि वॉल्ट डिज़्नी एनीमेशन स्टूडियो आज भी अपने काम में सबसे आगे क्यों है। दिल छू लेने वाले पलों, आसानी से सामने वाली बातों और पुरानी यादों से भरी, ज़ूटोपिया 2 सिर्फ बच्चों के लिए नहीं है बल्कि यह हर उम्र के दर्शकों से जुड़ती है। मेकर्स ने पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया।

## लाइफ Style

# माधुरी

## मिसेज देशपांडे में सीरियल किलर का निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जियोहॉटस्टार की सीरीज मिसेज देशपांडे में सीरियल किलर का किरदार निभाती नजर आएंगी। जियोहॉटस्टार ने अपनी बहुप्रतीक्षित थ्रिलर सीरीज़ मिसेज देशपांडे की रिलीज़ डेट घोषित कर दी है, जिसमें माधुरी दीक्षित मिसेज देशपांडे की मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी।

इस सीरीज का शानदार टीजऱ दर्शकों को मिसेज देशपांडे की दुनिया की एक विचलित करने वाली झलक देता है, जहां माधुरी दीक्षित एक सादे, बिना मेकअप वाले लुक में बड़ी ही शांति के साथ सब्जियां काट रही हैं, जबकि रेडियो बुलेटिन एक सीरियल किलर के फरार होने की चर्चा कर रहा है। नागेश कुकूनूर द्वारा निर्देशित यह सीरीज़ धैर्य और सटीकता से टेंशन क्रिएट करती है। एप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा कुकूनूर मूवीज के सहयोग से निर्मित यह शो मूल फ्रेंच थ्रिलर ला मांटे से रूपांतरित किया गया है, जिसका निर्माण जीन नैनक्रिक ने किया था। इसमें सिद्धार्थ चंदेकर और प्रियांशु चैटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। माधुरी दीक्षित ने कहा कि मिसेज देशपांडे मेरे द्वारा अब तक निभाए गए किसी भी किरदार से एकदम अलग है। मिसेज देशपांडे, 19 दिसंबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज होगी। अपनी भूमिका के बारे में माधुरी दीक्षित ने कहा इतने सारे ग्रे शेड्स वाले किरदार को निभाना उत्साहजनक और तनावपूर्ण दोनों रहा है! मैं बहुत बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक मेरा यह रोमांचक और नया रूप देखें। निर्देशक नागेश कुकूनूर ने कहा कि माधुरी दीक्षित ने इस मुश्किल और परतदार किरदार को निभाया यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात है।



## हॉलीवुड मसाला




# राजामौली की फिल्म में करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि वह एस.एस. राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा होंगी जिसका नाम संभवतः 'ग्लोबट्रॉटर' होगा। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में होंगे। प्रियंका और महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर फिर से फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। उल्लेखनीय है कि प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में 'ग्लोबट्रॉटर' के निर्माण के बाबत भारत आई थीं और महेश के साथ उन्होंने ऑनलाइन हल्की-फुल्की बातचीत की, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कयास लगाए जाने लगे।



# माइकल जैक्सन की बायोपिक के टीजर ने तोड़ा रिकॉर्ड...

**लॉस एंजिल्स।** 'इनविंसिबल' सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया है। अपने गानों से म्यूजिक की दुनिया और फैंस के दिलों पर राज करने वाले माइकल ने महज 50 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी बायोपिक में भतीजे जाफर जैक्सन ने उनकी भूमिका निभाई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म के वीडियो को 24 घंटे में ही 116 मिलियन व्यूज के साथ रेकॉर्ड तोड़ दिया है। इसका निर्देशन एंटोनी फुक्का ने किया है। ये साल 2026 में रिलीज के लिए तैयार है। 'माइकल' के टीजर ट्रेलर ने म्यूजिकल बायोपिक की शुरुआती फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और पिछले टॉप चार्ट के आधे से भी ज्यादा ट्रैफिक हासिल किए हैं। क्लिप में जाफर जैक्सन मूव्स करते और प्रैक्टिस करते हुए दिख रहे हैं, खासकर मून वॉक।



# दिसंबर-जनवरी में देंगी बीए की परीक्षा...

**मुंबई।** अभिनेत्री अनीत पड्डा 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग जनवरी 2026 में कॉलेज की फाइनल ईयर परीक्षा देने के बाद शुरू करेंगी। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सैयारा' से देश की सबसे बड़ी जेन जी स्टार बनी अनीत पड्डा अब दिसंबर और जनवरी में अपनी कॉलेज की फाइनल ईयर परीक्षाएं देने जा रही हैं! अनीत पड्डा ,दिसंबर-जनवरी में अपनी फाइनल-ईयर परीक्षाएं देंगी और उसके तुरंत बाद अपनी अगली फिल्म दिनेश विजान की 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग शुरू करेंगी, जिसमें वह लीड रोल निभा रही हैं। अनीत इस समय अपने फाइनल ईयर की पढ़ाई में व्यस्त हैं। वह पॉलिटिकल साइंस में बी.ए. (ऑनर्स) कर रही हैं और काम व पढ़ाई को संतुलित करने में जुटी हैं। उनका शेड्यूल इस तरह मैनेज किया जा रहा है कि वे पढ़ाई को पूरा समय दे सकें।



# 'महावतार नरसिम्हा' ऑस्कर में शामिल

**मुंबई।** फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। वर्ल्डवाइड इसने लगभग 326 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। अब यह फिल्म ऑस्कर को लेकर चर्चा में है। फिल्म 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म की ऑस्कर रेस में शामिल हो गई है। अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने 2026 के ऑस्कर में बेस्ट एनिमेटेड फीचर के लिए चुनी गई 35 एनिमेटेड फीचर फिल्मों की एक लिस्ट जारी की है। इन फिल्मों पर अभी विचार किया जाना है। 'महावतार नरसिम्हा' का मुकाबला 'के-पॉप डेमन हंटर', 'जूटोपिया 2' और 'डेमन स्लेयर किमेत्सु नो याइबा इनफिनिटी कैसल' जैसी हिट फिल्मों से होगा।

## टीवी मसाला




# 'शहजादी है तू दिल की', 4 दिसंबर से

**मुंबई।** स्टार प्लस का नया शो शहजादी है तू दिल की चार दिसंबर से हर दिन शाम 7:30 बजे से प्रसारित होगा। स्टार प्लस के नए शो शहजादी है तू दिल की में अंकित रायजादा इमोशनल और अच्छे दिल वाले लडक़े कार्तिक के किरदार में हैं। इसमें टेलीविजन पर डेब्यू कर रही हैं आशिका पादुकोण, दीपा के रूप में। यह कहानी दो लोगों की जिंदगी के बारे में है, जो किस्मत से सबसे अनोखे तरीके से जुड़ जाती हैं। साथ में ये दोनों एक ऐसी कहानी दिखाते हैं, जो उम्मीद, हिम्मत और प्यार की ताकत को दिखाती है। हाल ही में रिलीज़ हुआ प्रोमो पहले ही काफी चर्चा में है। यह कार्तिक को स्टेज पर दिखाते हुए शुरू होता है, जहां वह 70 के दशक के मशहूर गाने प्यार मांगा है तुमसे में अपने दिल की बात गा रहा हैं, जो दोनों के बीच के प्यार को दिखाता है। फिर सीन एक दिलचस्प फ्लैशबैक में बदल जाता है, जहां दीपा जो प्रेग्नेंट है, कार्तिक की कार के बोनट पर लगभग गिरने ही वाली होती हैं। दीपा की मदद तुरंत दयालु स्वभाव वाला कार्तिक करता है और उसे अस्पताल ले जाता है। बाद में दीपा को पता चलता है कि वह और उनका बच्चा सुरक्षित हैं सिर्फ इसलिए, क्योंकि एक अच्छे अजनबी ने समय पर उनकी मदद की।

प्रोमो का अंत इमोशनल अंदाज में होता है, जब कार्तिक दीपा के प्रति अपनी बढ़ती हुई चिंता और प्यार दिखाता है, लेकिन दीपा अपने अतीत का बोझ लेकर, पीछे हट जाती हैं और कहती हैं कि वह अपनी ज़िंदगी में और दर्द नहीं चाहती। उनके अनकहे जज़्बात, चुपचाप होने वाली परेशानियां और बिना बोले जुड़ाव एक ऐसी कहानी का वादा करते हैं, जो दर्शकों को पूरी तरह बांधे रखेगी। प्रोमो , जिसमें ऐक्शन और इमोशन दोनों भरे हैं, हमें दीपिका की ज़िंदगी की गहरी झलक दिखाता है। इसमें दिखता है कि वह हर दिन कैसे संघर्ष करती है, क्योंकि उसका शराबी पति घर की थोड़ी-सी कमाई भी बर्बाद कर देता है और सारी ज़िम्मेदारी उसके कंधों पर आ जाती है। वह सुबह तडक़े उठकर इडली बनाती है और बेचती है ताकि किसी तरह घर चला सके, लेकिन उसका पति उसकी मेहनत की कमाई भी शराब के लिए छीन लेता है। जब वह हिंसा पर उतर आता है, तब कार्तिक बीच में आता है, उसे बचाने के लिए लड़ाई करता है और सच्ची परवाह करते हुए उसकी मदद करना चाहता है।

# 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की तरह ओटीटी पर मशहूर हैं ये वेब सीरीज, कहानी उड़ा देंगी होश

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की चर्चित वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने 5वें सीजन के साथ लोगों का खूब ध्यान बटोर रही है। इसके पिछले 4 सीजन भी बेशुमार प्यार लूट चुके हैं। कहना गलत नहीं होगा कि ओटीटी पर 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के बाद, इस सीरीज ने सबसे ज्यादा महारत हासिल की है। खैर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की तरह ही यहां आपको कुछ अन्य सीरीज के बारे में जानकारी दी गई है, जो काफी मशहूर हैं। इनकी कहानी दिल जीतने का काम करती है।

**'द अम्ब्रेला एकेडमी'** : नेटफ्लिक्स पर मौजूद वेब सीरीज 'द अम्ब्रेला एकेडमी' काफी लोकप्रिय है, जिसे हिंदी भाषा के साथ देखा जा सकता है। तीन सीजन वाली इस सीरीज में कॉमेडी-ड्रामा, साइंस फिक्शन और फैंटेसी की भरपूर डोज दी गई है। सीरीज की कहानी गोद लिए गए भाई-बहनों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पिता की मौत के बाद फिर से एकजुट होते हैं। यहां उन्हें कई अनसुलझे रहस्यों और जिंदगी में आने वाली मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।



**'बेताल'** : नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई हिंदी वेब सीरीज 'बेताल' भी अपनी कहानी के लिए लोगों का खूब प्यार बटोर चुकी है। सीरीज की कहानी एक बूढ़े ब्रिटिश भारतीय सेना कमांडर के इर्द-गिर्द घूमती है जो जॉम्बी बनकर जिंदा हो जाता है। वह जिस गांव में जाता है, वहां एक आधुनिक विशेष बल की टीम उसका सामना करती है। कुल मिलाकर सीरीज की कहानी लोककथाओं और सैन्य कार्रवाई को ध्यान में रखकर बनाई गई है। 'बेताल' के कुछ सीन डराते भी हैं।

**'जस्ट एड मैजिक'**

अमेजन प्राइम वीडियो पर वेब सीरीज 'जस्ट एड मैजिक' मौजूद है, जिसका पहला सीजन 2016 में रिलीज किया गया था। अब तक इस सीरीज के 3 सीजन आ चुके हैं। इस सीरीज की कहानी बेहद दिलचस्प है, जिसमें 3 लड़कियों केली क्विन, डार्बी और हैना को एक जादुई कुकबुक मिलती है। इस बुक के आधार पर तीनों कई रहस्यों को सुलझाती हैं। हालांकि हर रेसिपी के जादुई प्रभाव के साथ एक नकारात्मक प्रभाव भी होता है।

# दिल्ली में टैक्स फ्री हुई फरहान अख्तर की 120 बहादुर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार-अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर दिल्ली में टैक्स-फ्री हो गयी है। फिल्म 120 बहादुर हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी के प्रेरणादायक नेतृत्व को उजागर किया गया है, जिनके अद्भुत पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान ने भारत के सैन्य इतिहास में साहस का अमिट प्रतीक स्थापित किया है। इन वीर सैनिकों के प्रति विशेष सम्मान के रूप में, दिल्ली सरकार ने 28 नवंबर से दिल्ली में इस फिल्म को टैक्स-फ्री करने का निर्णय लिया है। फिल्म के निर्माताओं को हार्दिक बधाई। फिल्म 120 बहादुर 13 कुमाऊ रेजिमेंट के 120 भारतीय सैनिकों की जबरदस्त बहादुरी को दिखाती है, जिन्होंने 1962 के युद्ध में हुई मशहूर रेज़ांग ला की लड़ाई में हिस्सा लिया था। फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी, पीवीसी, की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने साथियों के साथ मिलकर




भारतीय सेना के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक में हर मुश्किल के सामने डटे रहे। इस फिल्म रजनीश रेज़ी घई ने निर्देशित किया है और इसे रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर (एक्सेल एंटरटेनमेंट) और अमित चंद्रा (ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज़) ने प्रोड्यूस किया है।

## साथ होंगे मनोज बाजपेयी और राजकुमार राव

# 'महाभारत' में अनोखी कॉमेडी का तड़का लगाएंगे शूजित सरकार

फिल्ममेकर शूजीत सरकार, जो 'विक्की डोनर' और 'पीकू' जैसी हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके हैं, अब एक बार फिर कॉमेडी जॉनर में वापसी करने जा रहे हैं। इस बार वह एक बिल्कुल नई दिशा में कदम रखते हुए पौराणिक कॉमेडी बनाने की तैयारी में हैं। इससे भी खास बात ये है कि फिल्म में मनोज बाजपेयी और राजकुमार राव मुख्य भूमिकाओं में होंगे, जो 10 साल पहले फिल्म 'अलीगढ़' में साथ दिखे थे।



**मुंबई।** रिपोर्ट के मुताबिक, ये फिल्म 'महाभारत' के एक खास अध्याय को मजेदार अंदाज में पेश करेगी, जो भारतीय सिनेमा में अपनी तरह का पहला और बेहद अनोखा प्रयास माना जा रहा है। शूजीत से दर्शकों को वैसे भी बड़ी उम्मीदें होती हैं, क्योंकि उन्होंने हमेशा ही कहानी और कॉमेडी दोनों के साथ नया प्रयोग किया और सफल रहे। अब एक बार फिर निर्देशक अपनी एक रोचक कहानी से सबका दिल जीतने को तैयार हैं।

### कब शुरू होगी शूटिंग?

इस नई फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होने की संभावना है और इसे भारतीय सिनेमा का एक सबसे असामान्य और अनोखा प्रोजेक्ट माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि राजकुमार और



मनोज सालों बाद फिर साथ काम करने के लिए बड़े उत्साहित हैं। दोनों को साल 2015 में रिलीज हुई हंसल मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म 'अलीगढ़' में साथ देखा गया था। जल्द ही उनकी इस नई फिल्म की आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

### शूजित की पिछली फिल्म में दिखे थे अभिषेक बच्चन

शूजित पिछली बार फिल्म 'आई वॉन्ट टू टॉक' लेकर आए थे। ये फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई, लेकिन इसकी दिल छू लेने वाली कहानी की दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब तारीफ की। फिल्म में अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में थे। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में उन्होंने अपनी इस फिल्म में उम्दा प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी जीता था। फिल्म में उन्होंने एक बेटी के पिता का किरदार निभाया था।

### मनोज और राजकुमार की आने वाली दूसरी

'द फैमिली मैन 3' में दिख रहे मनोज हॉरर कॉमेडी फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' लेकर आ रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने राम गोपाल वर्मा से हाथ मिलाया है। इसके अलावा वो एक अन्य फिल्म में अभिनेत्री दिव्या दत्ता के साथ इश्क लड़ाते दिखेंगे। उधर राजकुमार के पास वकील उज्जवल निकम की बायोपिक और 'स्त्री 3' है। इन दोनों ही फिल्मों के निर्माता दिनेश विजान हैं। सौरव गांगुली की बायोपिक और करण जौहर की क्रिएचर फिल्म भी उनके पास है।

## खबर संक्षेप

### मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुईं प्रियंका

**कटेली।** सारंगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी द्वारा नशा मुक्ति समाज के लिए युवा विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुईंएयह शिविर हाई स्कूल गौठला छोटे में लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य विभावरी सिंह ठाकुर एवम प्रियंका गोस्वामी द्वारा माता सरस्वती एव स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ।

### स्वास्थ्य संयोजक संघ को दी 3 वर्ष की मिली मान्यता

**घरघोड़ा।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ को राज्य सरकार द्वारा आगामी 3 वर्षों के लिए औपचारिक मान्यता प्रदान की गई है। इसकी जानकारी प्रांताध्यक्ष टार्जन गुप्ता ने दी। मान्यता मिलने के बाद अब प्रदेश के सभी संभाग अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष परामर्शदात्री बैठकों में भाग लेकर अपना पक्ष रखने तथा आवश्यक पत्राचार करने के लिए अधिकृत हो गए हैं। प्रांताध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक अत्यंत कठिन परिस्थितियों में बिना पर्याप्त सुविधाओं के ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर कार्य करते हैं। वे कुल 26 राष्ट्रीय कार्यक्रमों व 14 प्रमुख योजनाओं का क्रियान्वयन करते हैं, जिसके आधार पर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन, रिपोर्ट कार्ड तथा जिले व राज्य की स्वास्थ्य रेटिंग तय होती है। समान योग्यता, समान प्रशिक्षण और समान कार्य होने के बावजूद ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों को अब तक वेतन विसंगति का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने दोनों सरकारों के शासनकाल में ज्ञापन, धरना और आंदोलन के माध्यम से अपनी मांगें रखीं, लेकिन समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है।

### खो-खो में कुआरमुंडा की दो छात्राएं शामिल

**बीरमित्रपुर।** राज्य स्तरीय खो-खो स्पर्धा में कुआरमुंडा प्रखंड की दो प्रतिभाशाली छात्राओं के शामिल होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पुरी जिले के तालबतिया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संपन्न हुई। इस चैंपियनशिप में कुआर मुंडा पदमपुर उच्च विद्यालय की छात्राएं मालती एक्का और निवेदिता बारला ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों ने न केवल अपने विद्यालय, बल्कि कुआरमुंडा प्रखंड का नाम भी रोशन किया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीता लाकरा, खेल शिक्षिका करिश्मा तिर्की और प्रशिक्षक अनिल साहू ने चयनित खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और नियमित प्रशिक्षण का परिणाम है। चयन से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और प्रखंड में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। स्थानीय लोगों ने भी इन दोनों छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### भाजपा संगठक ने किया उर्जा का संचार

**राउरकेला।** भाजपा के संगठनकर्ता गोलक महापात्र ने शनिवार सेक्टर 3 भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली और पार्टी में ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने स्थानीय नेतृत्व से उपेक्षित कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि नेता नहीं, कार्यकर्ता पार्टी में परमानेंट है। महापात्र ने सलाह दी कि संगठन में ही शक्ति है और पार्टी किसी की निजी जागीर नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को समझाया कि राजनीति सरल नहीं है, काम कराने की कला सीखना आवश्यक है। पार्टी के आदर्श नेताओं का जीवन अनुकरण करने और संगठन के लिए समर्पित रहने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि श्स्वयं को बेहतर रूप से काम करने का इरादा रखें संगठन के लिए काम करने की संतुष्टि किसी उपहार से कम नहीं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को धैर्य, संयम और लोगों को एकजुट करने की कला सीखने पर जोर दिया। महापात्र में दिवंगत नेताओं किसन साहू, नागर मल पोद्दार और विपिन शतपथी का स्मरण करते हुए कहा कि उनके प्रयासों की वजह से आज राउरकेला में भाजपा मजबूत है।

---

### टोकन के लिए तूंहर द्वार ऐप पहुंचा किसानों को मदद

# धान बेचने वाले ढाई हजार किसानों को अब तक 36 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके किसानों के खातों में राशि सीधे हस्तांतरित की जा रही है, जिससे ग्रामीण अंचलों में राहत, प्रसन्नता और आर्थिक मजबूती का वातावरण बना हुआ है। रायगढ़ जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके 2,882 किसानों को अब तक 36 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान हो चुका है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

धान बेचने की प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए किसानों को टोकन जारी किए जा रहे हैं, वहीं राज्य शासन द्वारा उपलब्ध टोकन तूहर द्वार ऐप ने किसानों को घर बैठे ही आसानी से टोकन प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की है। उपार्जन केंद्रों में बारदाना भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा।



खरीदी केन्द्र में डंप किसानों का धान।

पारदर्शी खरीदी प्रक्रिया, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था और उपार्जन केंद्रों की बेहतर सुविधाओं ने किसानों के चेहरों पर संतोष और भरोसे की चमक भर दी है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से जारी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर प्रशासन द्वारा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कोचियों एवं बिचौलियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव किसानों पर साफ दिखाई दे रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के बाद राशि का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। किसानों को समर्थन मूल्य की राशि सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित हो रही है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्तर पर कोचियों एवं बिचौलियों की गतिविधि बर्दाश्त न की जाए। धान खरीदी प्रक्रिया किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शी और त्वरित हो।

---



## 44 वीं मासिक निशान यात्रा और अखण्ड ज्योति पाठ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ का आयोजन आज किया जाएगा। 02 दिसम्बर को अखण्ड ज्योत जलाई जाएगी एवं खीर, चूरमा, चांवल सब्जी, खिचड़ी का प्रसाद श्याम बिहारी मंदिर में भोग के रूप में लगाया जाएगा।

नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा अगहन शुक्ल एकादशी 1 दिसम्बर को प्रातः 06 बजे बसंत सराफ गौरांग ज्वेलर्स, खरसिया के निवास स्थान सिविल अस्पताल के सामने, खरसिया से निशान यात्रा प्रारंभ होकर 7.30 बजे मंदिर पहुंचने के पश्चात आरती की जाएगी। श्री श्याम कुटुंब के संस्थापक मुकेश मित्तल ने जानकारी देते बताया कि संस्था द्वारा नगर के श्याम प्रेमियों के घर घर से बाबा श्याम के पूजन करने के पश्चात शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निशान यात्रा प्रारंभ की जाएगी बाबा श्याम को निशान अर्पण करने का एक विशेष महत्व है एवं बाबा श्याम के प्रेमियों के लिए शुक्ल पक्ष की ग्यारस के पावन दिन के अवसर पर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस को घर घर से निशान यात्रा प्रारंभ करने का बीड़ा उठाया है मासिक निशान यात्रा नगर के श्याम प्रेमियों के निवास स्थान से प्रारंभ कर श्री श्याम बिहारी मंदिर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निकाली जाएगी नगर के जो भी भक्त अपने निवास से निशान यात्रा के लिए नाम आरक्षित करा सकते हैं । दोपहर 1 बजे से श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ एवं दुसरे दिन प्रातः 7.30 बजे बाबा की ज्योत एवं उसके पश्चात दोपहर 12.30 बजे चांवल सब्जी एवं रात्रि 7.30 बजे बाबा के आरती के पश्चात खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा। श्री श्याम प्रेमियों द्वारा प्रत्येक शुक्ल की ग्यारस के पावन अवसर पर मासिक निशान यात्रा प्रारंभ किया जा रहा है जोकि नगर के श्याम प्रेमियों के घर से निशान यात्रा प्रातः 6 बजे प्रारंभ होकर प्रातः 7.30 बजे श्याम बिहारी मंदिर पहुंचेगी 39वीं मासिक निशान यात्रा बसंत सराफ गौरांग ज्वेलर्स, खरसिया के निवास स्थान सिविल अस्पताल के सामने, खरसिया से प्रारंभ होगी।

---

## षष्ठम विधानसभा के लिए संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्ठम विधान सभा का सप्तम सत्र 14 से 17 दिसम्बर तक आहूत की गई है। विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित, अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार एवं जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कराकर शासन को उपलब्ध कराने हेतु संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। विधानसभा सत्र के दौरान पत्राचार एवं जानकारी निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त विभागों में पदस्थ कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे। बिना अवकाश स्वीकृति के अवकाश में प्रस्थान करने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी सहित उनके कार्यालय प्रमुख जिम्मेदार रहेंगे।

---

### एसआईआर कार्य पूरा करने वाले हुए सम्मानित

**घरघोड़ा।** विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के मतदान केन्द्र 152 ग्राम केरा खोल की मतदाता सूची गणना पत्रक वितरण एवं डिजिटाईज करने से संबंधित उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीएलओ चन्द्रमणी चौहान को जिला उप निर्वाचन अधिकारी डॉ प्रियंका वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधान पाठक चन्द्रमणी चौहान एक होनहार शिक्षक हैं जिनके द्वारा अपने विद्यालय में नवाचार की नई नई गतिविधियां संचालित कर शिक्षा संस्कृति नशा मुक्ति एवं बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाता रहा है।



---

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मॉडल परीक्षा का आयोजन

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा विकासखंड अंतर्गत संचालित स्कूली शिक्षा अंतर्गत अध्ययनरत छात्राओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से सफलता प्राप्ति नवोदय परीक्षा, एकलव्य, प्रयास श्रेष्ठा आदि परीक्षा शासन द्वारा संचालित की जाती है।

इसी तारतम्य में छात्र-छात्राओं को प्रारम्भिक तैयारी के लिए नवोदय परीक्षा को लेकर एक मॉडल परीक्षा का आयोजन विकास खंड स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा पाँचवी के लगभग 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपना अनुभव हासिल किया। जिसका लाभ भविष्य में होने वाली परीक्षा मे मिल सकेगा। परीक्षा केंद्र में छात्र छात्राओं के साथ ग्रामीण अंचलों से पालकों को भी उपस्थिति देखी गई जिनमें परीक्षा को लेकर उत्साह का वातावरण देखा गया। मॉडल परीक्षा में तमनार विकासखंड के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। प्रयास परीक्षा के लिए भी विकासखंड के छात्राओं को लाभ मिल सके इसके लिए प्रत्येक सप्ताह के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है जिनमें आने वाली परीक्षा का अनुभव विद्यार्थियों को मिल सकेगा। प्रयास कोचिंग केंद्र में जाकर क्लास लेते हुए परीक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे एवं सही उत्तर पाए जाने पर उनका उत्साह बढ़ाया। बीईओ ने विकासखंड के समस्त प्रधानपाठकों से विद्यार्थियों की शिक्षा गुणवत्ता में आवश्यक सुधार एवं कार्य हेतु उत्साहपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए हैं।



---

### ग्राम बटाऊपाली अ में होगा तीन दिवसीय गुरू घासीदास जयंती समारोह

**कोसीर।** ग्राम बटाऊपाली में तीन दिवसीय गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन बड़े ही श्रद्धा भाव से किया गया है। कार्यक्रम 2 दिसम्बर से प्रारंभ 4 दिसम्बर तक चलेगी। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी तरह से कर ली गई है। जयंती कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाएगा। वही कार्यक्रम के पहले दिन भव्य शोभायात्रा निकाल कर पूरे गांव की भ्रमण की जाएगी । कार्यक्रम को सफल बनाने, मनोरंजन व सतनाम संदेश के लिए तीन दिन तक सतनाम पंथी नृत्य की प्रस्तुति की विशेष व्यवस्था की गई है। इस विशेष कार्यक्रम में क्षेत्र के लोग शामिल होकर इसका लाभ ले सकते हैं।

---

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने संबलपुरी बांधकला का प्रशिक्षण

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र ओड़िशा सीमा से लगा हुआ है इसलिए यहां ओड़िशा परिधान भाषा बोली व संस्कृति उडीसा से जुडा हुआ है। ओडिशा के संबलपुरी कपडे व उसकी रंगाई समूचे देश में चिन्हित है। इसके विस्तार एवं लोगों को रोजगार देने प्रशिक्षण दीं जा रही है, ताकि लोग आत्मनिर्भर हो सके।

इसी कड़ी में तहसील मुख्यालय पुसौर स्थित मंगल भवन में केन्दीय सिल्क बोर्ड के समर्थ योजना के अंतर्गत व ब्राईट ह्यूमन एक्शन एवं वाई संस्था भुवनेश्वर द्वारा पुसौर महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी के सहयोग से 30 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। जिसे नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी एवं उपाध्यक्ष उमेश साव ने अन्य पार्षद मंगल साव, निराकार पटेल आदि के उपस्थिति में फीता काटकर की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष हेमलता चौहान एवं विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश गुप्ता शामिल रहे। कार्यक्रम में केन्द्रीय शिल्क बोर्ड बिलासपुर संभाग से अशोक कुमार, उप संचालक रेशम मनीष पवार, अध्यक्ष सौरव कर, मुख्य प्रबंधक ललित मेहर, अधिकारिक प्रबंधक षीला जेना तथा पुसौर महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ निलेष कुमार महाणा, मुख्य प्रशिक्षक सरोजनी मेहर एवं सहायक प्रशिक्षक सुरत मेहर शामिल रहे। प्रशिक्षण के संबंध में महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ निलेश कुमार महाणा ने बताया कि ये प्रशिक्षण पूर्णतः निशुल्क है। प्रशिक्षुओं को स्कॉलरशिप देने का भी प्रावधान है जो घंटे के आधार पर होंगे।



---

## चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कटेली।** सिटी कोतवाली पुलिस को मोटर साइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। धारा 303(2) बीएनएस में प्रार्थी दिलीप कुमार साहू पिता बलदाउ साहू 33 निवासी कुम्हारी थाना कोसीरने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 नवंबर को शाम के समय शराब भट्ठी कुशलनगर में अपने मोटर साइकिल कमांक सीजी-04-एच पी 2305 से शराब लेने के लिए आया था। मौसा को शराब भटठी रोड किनारे खड़ी कर शराब लेने के लिए गया और शराब लेकर वापस आने पर अपने बाइक को जहां खड़ी किया था वहां पर नही मिला। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। जांच के दौरान आरोपी अनिल मिश्रा पिता कृष्ण मिश्रा 36 निवासी जुटमिल थाना के पीछे रायगढ थाना जुटमिल को 29 नवंबर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर 26 नवंबर को शराब भटठी सारंगढ से हीरो पैशन प्रो सीजी 04 एच पी. 2305 कों अपने साथी सोहिल खान, बलदेव दास साथ मिलकर चोरी करना बताया। उसके कब्जे से क्रमांक सीजी 04 एचपी 2305 को जब्त किया गया है।आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

---

## आनंद मेले में बच्चों ने लगाए विविध व्यंजनों के स्टॉल

**कटेली।** मोना स्कूल कटेली में बीते 29 नवंबर को आनंद मेला बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि गोड़िहारी सरपंच मीना देवी भारद्वाज एवं अध्यक्ष सुरीतराम साहू ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

उक्त कार्यक्रम में 21 गांव के सरपंच को अतिथि बनाया गया था। जिसमें साल्हे सरपंच मोहरसाय साहू, पहंदा सरपंच नन्दू सारथी, केडार सरपंच सावित्री सिदार, कटेकोनी सरपंच फूलसिंह रात्रे, मुकेश साहू एवं पालकगण उपस्थित हुए। आनंद मेले में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मेले में बच्चों ने अनेक स्वादिष्ट खाने के व्यंजन का स्टॉल लगाए थे जिसमें प्रमुख रूप से गोला बर्फ, आइसक्रीम, कप केक, पानी पूरी, मोमोज, कॉटन कैंडी, भेलपुरी, हरियाणवी कचौड़ी, समोसा चाट, सैंडविच, चाय, कॉफी, नूडल्स, पावभाजी इत्यादि व्यंजन का इंस्टाल लगाए थे। मेले में मिकी माउस झूले और गेम भूत बंगला ने सभी का मन मोह लिया। पालकों के मनोरंजन के लिए आरकेस्टा टीम ने खूब मनोरंजन किए। संस्थान के इस आनंद मेले में पालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर लक्ष्मी साहू, चेयरमैन नेहा साहू, प्राचार्य कान्हू चरण सारंगी, लेखाकार पूरन बारीक, हेड मेंटर रमाकांत साहू, पदमा मैत्री, सत्यवान साहू, सरिता सोनवानी, कृष्णा साहू, पार्वती साहू, खुशबू साहू, कविता यादव, पूजा चंद्रा, जया बरगाह, आरती साहू, रोज़ालिन पंडा, रेणु रात्रे एवं गोपीचंद बरेठ सहित समस्त बच्चों का विशेष योगदान रहा।




---

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह नवंबर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह नवंबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 दिसंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

---

### सीपीएम कॉलेज में समय प्रबंधन पर प्रेरक सत्र

## सफलता का आधार है समय प्रबंधनः मंजू दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सीपीएम कॉलेज, सारंगढ़ में ब्रह्माकुमारीज़ फुलझरियापारा के तत्वावधान में समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और तनाव मुक्ति विषय पर एक प्रेरक सत्र आयोजित किया गया। सत्र का संचालन बिलासपुर से पधारीं ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी जी द्वारा किया गया, जो वर्तमान में सारंगढ़ में चल रहे गीता की राह वाह जिंदगी वाह सात दिवसीय शिविर में प्रवचन दे रही हैं। दीदी ने कहा कि जीवन में सफलता, आत्मविश्वास और प्रसन्नता का आधार समय का सही उपयोग है।

उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि जो अपने समय का मूल्य समझता है, वही जीवन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाता है। सत्र में सकारात्मक विचारों को जीवन का बगीचा बताया गया, जिसे नियमित रूप से विकसित करना पड़ता है। नकारात्मक विचार जंगल की तरह स्वतः बढ़ जाते हैं, इसलिए विद्यार्थियों को अपने मन में सकारात्मकता का बीज बोने की प्रेरणा दी गई। दीदी ने बताया कि ध्यान मनोबल को बढ़ाता है और मानसिक तनाव को कम करता है। वैज्ञानिक रूप से भी सिद्ध है कि 20 मिनट का मेडिटेशन 8 घंटे की थकान दूर कर देता है। गीता मन के विज्ञान का शास्त्र उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवत गीता आज के समय में मन के उतार-चढ़ाव को समझने और संभालने की सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शिका है। विषाद योग से लेकर समाधान तक का ज्ञान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है।



---

### वरिष्ठ अधिवक्ता नोटरी का होगा सम्मान

**पुसौर।** वरिष्ठ अधिवक्ताओं की श्रेणी में पुसौर तहसील न्यायालय में कार्यरत नोटरी अधिवक्ता जीआर नायक का नाम शामिल है। उन्होंने 17 जनवरी 1986 से वकालत प्रारंभ किया था जो निर्विवाद रूप से जारी है। इनके वकालत की सेवा को अब तक लगभग 40 वर्ष हो चुके हैं। वकालत में इतने लंबे समय तक शासन और समाज के बीच सेतु काम करते हुए दोनों को सकारात्मक सेवायें दी जिसके लिए पुसौर के अधिवक्ता संघ इन्हें आने वाले समय में सम्मान करने जा रहे हैं इसके लिए पुसौर और रायगढ दोनों क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने तैयारी जारी रखी हुई है।



---

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
80 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411